[Reg. No. 141/98-99] Tel. 9798242235

(विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबद्ध)

# लोक शिक्षा समिति, बिहार

एम्बैसडर पैलेस, कलमबाग चौक, मुजफ्फरपुर-842002

E-mail– lokshiksha@gmail.com website– lokshikshasamiti.org

प्रांतीय पत्रक-11/5124 2079 विक्रमी दिनांक-07/03/2023

मान्यवर/मान्या,

सादर वन्दे!

**वृहत्साम तथा साम्नां गायत्री छन्द सामहम्।**
**मासानां मार्गशीर्षेऽमृतूनां कुसुमाकरः।।**

**भावार्थ**– भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं कि ऋतुओं में 'कुसुमाकर' अर्थात् वसंत जो है वह मैं ही हूँ। वसंतोत्सव, नवान्न पर्व, होलिकोत्सव के साथ ही नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ। यह नव वर्ष आप सबके लिए शुभदायक हो। आशा है आप सब पुनः नई ऊर्जा, नई स्फूर्ति एवं नई योजनाओं के साथ कर्मपथ पर अग्रसर हो रहे होंगे। कार्य की गति एवं दिशा लक्ष्याधारित हो तो कार्य की सफलता सुनिश्चित है। एतदर्थ कुछ करणीय कार्य अपेक्षित है–

## विषयानुक्रम

**संपन्न कार्यक्रम**

1. प्रांतीय प्रधानाचार्य सम्मेलन
2. संघ शिक्षा वर्ग प्रशिक्षित आचार्य बैठक

**आगामी कार्यक्रम**

1. वार्षिक आचार्य कार्यशाला
2. सत्रारंभ
3. विश्व–स्वास्थ्य दिवस
4. नई शिक्षा नीति–2020 प्रशिक्षक कार्यशाला
5. शपथ ग्रहण, शिशु/बाल/किशोर/कन्या भारती
6. प्रांतीय विषय प्रमुख एवं सह प्रमुख, संकुल प्रमुख एवं संकुल संयोजक बैठक
7. प्रांतीय वंदना सह संगीत आचार्य प्रशिक्षण वर्ग
8. SESQ कार्यशाला
9. शिशु, बाल, किशोर, कन्या भारती कार्यशाला
10. +2 स्तरीय गणित विषयक कार्यशाला
11. अखिल भारतीय शिशु वाटिका प्रशिक्षण वर्ग
12. +2 स्तरीय वाणिज्य+बी.एस.टी. विषयक कार्यशाला
13. विभाग स्तरीय प्रधानाचार्य बैठक
14. +2 स्तरीय रसायन विषयक कार्यशाला
15. प्रांतीय कबड्डी एवं खो–खो प्रतियोगिता

**अन्यान्य–** 1. अर्थ संकल्प 2. अंकेक्षण 3. मासिक तलपट 4. उपदान 5. साप्ताहिक मूल्यांकन 6. पूर्व छात्र पंजीयन 7. विद्या भारती संघ परिचय 8. पाठ्यक्रम 9. ई–पत्रिका 'लोक संवाद' 10. PAN

## संपन्न कार्यक्रम

**1. प्रांतीय प्रधानाचार्य सम्मेलन :** दिनांक–15 फरवरी से 18 फरवरी, 2023 तक सुंदरी देवी सरस्वती विद्या मंदिर, बटहा, रोसड़ा में संपन्न हुई। इस सम्मेलन में अखिल भारतीय अधिकारी श्री दिलीप बेतकेकर जी एवं श्री कमल किशोर सिन्हा जी, क्षेत्रीय अधिकारी के रूप में श्री ख्यालीराम जी, श्री नकुल कुमार शर्मा, श्री रामअवतार नारसरिया एवं सदस्य श्री दिलीप कुमार झा की उपस्थिति रही। प्रांतीय अधिकारी में डॉ. प्रतिमा आनंद–उपाध्यक्ष, डॉ. सुबोध कुमार–प्रदेश मंत्री, श्री मुकेश नंदन –प्रदेश सचिव, श्री रामलाल सिंह– प्रदेश सह सचिव तथा सभी पूर्णकालिक बंधु की उपस्थिति रही। प्रांतीय प्रधानाचार्य सम्मेलन की संख्यात्मक वृत्त इस प्रकार है–

1. अखिल भारतीय अधिकारी – 02
2. क्षेत्रीय अधिकारी – 04

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3. | प्रांतीय अधिकारी | – | 04 |
| 4. | पूर्णकालिक | – | 08 |
| 5. | प्रधानाचार्य | – | 173 |
| 6. | स्थानीय कार्यकर्ता | – | 70 |
| | कुल योग | – | 261 की उपस्थिति रही। |

**2. संघ शिक्षा वर्ग प्रशिक्षित कार्यकर्ता बैठक :** यह बैठक दिनांक 25 एवं 26, फरवरी, 2023 को भारती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सदातपुर, मुजफ्फरपुर में आयोजित की गई। इसमें विद्यालयों से 157 (महिला एवं पुरुष) आचार्य एवं प्रधानाचार्य की उपस्थिति रही। संघ शिक्षा वर्ग प्रशिक्षित कार्यकर्ता बैठक में सह क्षेत्र प्रचारक श्री रामकुमार जी एवं प्रांत प्रचारक श्री रविशंकर जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

## आगामी कार्यक्रम

**1. वार्षिक आचार्य कार्यशाला :** दिनांक 29 मार्च से 02 अप्रैल–2023 तक विद्यालय स्तर पर तीन दिवसीय, आवासीय प्रभावी एवं उद्देश्यपरक आचार्य कार्यशाला का आयोजन प्रत्येक विभाग में संपन्न करना है। इस कार्यशाला में गतवर्ष की समीक्षा तथा आगामी वर्ष की प्रभावी योजना का निर्माण करना है। इसके निमित्त कार्यशाला हेतु कार्यक्रम का विवरण भेजा जा चुका है। कार्यशाला में सामाजिक स्तर के गणमान्य लोगों का भी आगमन अवश्य हो, उनका मार्गदर्शन मिले।

**2. सत्रारंभ :** विद्यालय में आगामी सत्र–2023–24 की तैयारी आरंभ करें। दिनांक 03 अप्रैल, 2023 से सत्र का आरंभ उत्साहपूर्ण आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न हो। इस दिन से विद्यालय नये कलेवर में दिखे। कलश, वंदनवार, हवन–पूजन के बाद श्रेष्ठ विद्वत्जनों तथा संत–महात्माओं के आशीर्वाद के साथ पथ–संचलन का प्रभावी कार्यक्रम हो।

**सत्रारंभ से पूर्व की तैयारी–**

– सभी नामपट्ट, प्रदर्शन पट्ट सुंदर एवं आकर्षक हो जाए। पुराना भी नया लगे, नया लगावें। प्रचार-प्रसार प्रभावी हो।
– भवन एवं मुख्य द्वार की रंगाई-पुताई हो जाए।
– पुष्प-वाटिका में फूल खिले हों, गमलों की व्यवस्था भी की जा सकती है।
– टूटी-फूटी सामग्रियों की मरम्मत हो जाए या हटा दी जाए। टूटे-फूटे से नकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।
– नवीन तरीके से साज-सज्जा की जाए।
– भूमि की मालगुजारी रसीद कट जाए, नगर में मकान टैक्स कट जाए।
– जिनकी भूमि का दाखिल-खारिज न हुआ हो तो दाखिल-खारिज हो जाए।
– वाहन है तो वाहन के सभी कागजातों का नवीनीकरण हो जाए। सभी टैक्स पर्यावरण प्रमाण-पत्र सहित अद्यतन करा लिये जाएँ। चालक लाइसेंस के नवीनीकरण की तिथि भी देख ली जाए।
– सभी कार्यकर्ताओं, कर्मचारियों का सत्यापन थाना से करवा ली जाए।
– प्रांत द्वारा निर्मित और प्रेषित् कार्य-निर्देशिका सभी आचार्य एवं समिति के महानुभावों को देना सुनिश्चित करें। सब मिल क्रियान्वयन की योजना बनावें।
– परीक्षा, पत्रिका, प्रतियोगिता की तैयारी, अभिभावक गोष्ठी, संपर्क, अभिभावक सम्मेलन, मातृ-सम्मेलन, पूर्व छात्र, विद्वत् परिषद्, संस्कृति बोध परियोजना सहित आगामी सत्र की संपूर्ण सांगोपांग योजना अभी से बनाना प्रारंभ करें।
– श्रेष्ठता, उपलब्धि में कहाँ चूक गये निस्पृह मूल्यांकन हो।
– ग्राम एवं नगर के मुख्य स्थानों पर होर्डिंग, कपड़े का बैनर, प्रदर्शन स्क्रीन आदि लगावें।
– नामांकन हेतु पुराने सहित नये मुहल्ले, ग्राम में संपर्क करें। शहर का कोई मुहल्ला नहीं छूटे। अधिक से अधिक संपर्कित ग्राम हों जहाँ से भैया-बहन आवें। अपना काम व्यापकता में बढ़े, विस्तृत हो।
– नामांकन में संग्रह नहीं चयन हो।

– Smart Class, प्रयोगशाला, पुस्तकालय एवं संगणक का मूल्यांकन करें। नवीन सत्र की दृष्टि से तैयारी करें।
– परीक्षा पश्चात् आचार्यों का प्राप्तांक निकालें। प्रधानाचार्य/आचार्य कक्ष में लगावें।
– उपलब्धि पर पुरस्कार/सम्मान की व्यवस्था बने।
– शत–प्रतिशत उपस्थिति वाले भैया–बहन एवं आचार्य सम्मानित किये जाएँ।
– अपने विद्यालय में विद्वत्जनों की सूची, ईमेल, मोबाइल नंबर, पूर्व छात्र सूची, पूर्व अभिभावक, मातृभारती की सूची अद्यतन करें।

3. **विश्व स्वास्थ्य दिवस :** स्वस्थ्य शरीर में ही स्वस्थ्य मस्तिष्क का निवास होता है। अतएव विश्व स्वास्थ्य दिवस (07 अप्रैल) के अवसर पर 01 से 14 अप्रैल–2023 तक स्वास्थ्य परीक्षण सप्ताह का आयोजन कर भैया, बहन एवं आचार्यों हेतु स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन प्रत्येक विद्यालय में करना अनिवार्य है। इस हेतु निकटस्थ चिकित्सक से संपर्क कर व्यवस्था सुनिश्चित करें।

4. **NEP-2020 मुख्य प्रशिक्षक कार्यशाला :** राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के क्रियान्वयन हेतु लोक शिक्षा समिति, बिहार द्वारा दिनांक 07 से 09 अप्रैल, 2023 तक भारती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सदातपुर, मुजफ्फरपुर में आयोजित की जाएगी। इस कार्यशाला में विभाग स्तर पर प्रशिक्षित आचार्य एवं प्रधानाचार्य अपेक्षित हैं। शुल्क– रुपये 750/– प्रति प्रतिभागी है। प्रथम दिवस दोपहर भोजन पूर्व आगमन एवं अंतिम दिवस भोजनोपरांत अवकाश हो सकेगा। इस संबंध में प्रतिभागियों को पत्र भेजा जा रहा है।

5. **शपथ ग्रहण, शिशु/बाल/किशोर/कन्या भारती :** 10 से 15 अप्रैल–2023 तक विद्यालय स्तर पर गठित शिशु भारती, बाल भारती, किशोर भारती एवं कन्या भारती के अधिकारियों हेतु शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन करना है। किसी न्यायिक पदाधिकारी की उपस्थिति में यह शपथ ग्रहण कार्यक्रम हो, ऐसी अपेक्षा है। शिशु/बाल/किशोर/कन्या भारती के अध्यक्ष प्रधानाचार्य जी ही रहेंगे।

6. **प्रांतीय विषय प्रमुख एवं सह प्रमुख तथा संकुल प्रमुख एवं संकुल संयोजक बैठक :** दिनांक 14–15 एवं 15–16 अप्रैल को होने वाली यह बैठक अपरिहार्य कारणों से संशोधित तिथि के अनुसार अब यह बैठक अलग–अलग तिथियों में संपन्न होगी। दिनांक 12 एवं 13 अप्रैल, 2023 को प्रांतीय विषय प्रमुख एवं सह प्रमुख तथा दिनांक 13 एवं 14 अप्रैल, 2023 को संकुल प्रमुख एवं संकुल संयोजकों की बैठक होगी। यह दोनों बैठक सरस्वती विद्या मंदिर, बिहारीगंज, मधेपुरा में आयोजित है। विषय प्रमुख–सह प्रमुख अपने विषय की तैयारी कर एवं संकुल प्रमुख एवं संयोजक संकुल कार्ययोजना की तैयारी के साथ आएँ। शुल्क रुपये 500/– प्रति प्रतिभागी है। प्रथम दिवस दोपहर भोजन पूर्व आगमन एवं द्वितीय दिवस दोपहर भोजन के पश्चात अवकाश होगा।

7. **प्रांतीय वंदना सह संगीत प्रशिक्षण वर्ग :** प्रांत स्तरीय यह प्रशिक्षण वर्ग दिनांक 17 से 23 अप्रैल, 2023 तक आचार्य प्रशिक्षण विद्यालय, विष्णुपुर, बघनगरी में आयोजित है। प्रत्येक विद्यालय से कम–से–कम एक आचार्य अनिवार्य रूप से रहेंगे। प्रशिक्षण वर्ग में वंदना पुस्तक, डायरी, नित्योपयोगी वस्तुओं के साथ आवें। शुल्क रुपये 1250/– प्रति प्रतिभागी है। प्रथम दिवस दोपहर भोजन पूर्व आगमन एवं अंतिम दिवस भोजनोपरांत अवकाश हो सकेगा।

8. **SESQ कार्यशाला :** प्रांत स्तरीय SESQ की कार्यशाला दिनांक 19 से 25 अप्रैल, 2023 तक आचार्य प्रशिक्षण विद्यालय, विष्णुपुर, बघनगरी में आयोजित है। इस कार्यशाला में प्रशिक्षित आचार्य एवं प्रधानाचार्य अपेक्षित हैं। शुल्क रुपये 1750/– प्रति प्रतिभागी है। प्रथम दिवस दोपहर भोजन पूर्व आगमन एवं अंतिम दिवस भोजनोपरांत अवकाश हो सकेगा। इस संबंध में प्रतिभागियों को अलग से पत्र भेजा जा रहा है।

9. **शिशु भारती, बाल भारती, किशोर भारती एवं कन्या भारती कार्यशाला :** अपरिहार्य कारणों से यह कार्यशाला दिनांक 26 से 28 मार्च, 2023 को न होकर संशोधित तिथि के अनुसार दिनांक 28 से 30 अप्रैल, 2023 तक आचार्य प्रशिक्षण विद्यालय, विष्णुपुर, बघनगरी में संपन्न होगी। शुल्क 750/– प्रति प्रतिभागी है। प्रत्येक विद्यालय से न्यूनतम 3 + 1 = 4 तथा अधिकतम 9 + 1 = 10 शिशु, बाल, किशोर, कन्या भारती के भैया–बहन एवं उसके प्रमुख आचार्य/दीदी जी अपेक्षित हैं। प्रथम दिवस दोपहर भोजन पूर्व आगमन एवं अंतिम दिवस भोजनोपरांत अवकाश हो सकेगा।

10. **+2 स्तरीय गणित विषयक कार्यशाला :** क्षेत्र स्तरीय +2 विद्यालयों हेतु गणित विषयक तीन दिवसीय कार्यशाला दिनांक 22 से 24 अप्रैल, 2023 तक केशव सरस्वती विद्या मंदिर, मरचा–मरची, पटना में आयोजित होगी। इस कार्यशाला में +2 स्तरीय गणित विषयक प्रशिक्षित आचार्य अपेक्षित हैं। शुल्क रुपये 750/– प्रति प्रतिभागी है। शुल्क एवं मार्गव्यय आपके विद्यालय से देय होगा। प्रथम दिवस दोपहर भोजन पूर्व आगमन एवं अंतिम दिवस भोजनोपरांत अवकाश हो सकेगा।

11. **अखिल भारतीय शिशु वाटिका प्रशिक्षण वर्ग :** यह प्रशिक्षण वर्ग दो अलग–अलग तिथियों में दिनांक 19 से 28 अप्रैल तथा दिनांक 19 जुलाई से 28 जुलाई तक निर्धारित की गई है। दोनों तिथियों में 15 – 15 प्रतिभागी सम्मिलित होंगे। स्थान– समर्थ भारत केन्द्र' श्री सरस्वती शिशु मंदिर, परिसर–बोर्ड परती, केशव नगर, गुरुकुल मार्ग, इफको कॉलोनी के सामने, गाँधी धाम, जिला–कच्छ, गुजरात–370203 में संपन्न होगी। संपर्क सूत्र–8320562990 है। शुल्क–2500/– प्रति प्रतिभागी है। इस आशय का पत्र भेजा जा चुका है। गमनागमन हेतु आरक्षण ससमय करा लें ताकि सुविधा हो।

12. **+2 स्तरीय वाणिज्य + बी.एस.टी. विषयक कार्यशाला :** क्षेत्र स्तरीय +2 विद्यालयों हेतु वाणिज्य+बी.एस.टी. विषयक तीन दिवसीय कार्यशाला दिनांक 27 से 29 अप्रैल, 2023 तक सरस्वती विद्या मंदिर, राजकमल, धनबाद में आयोजित होगी। इस कार्यशाला में +2 स्तरीय वाणिज्य+बी.एस.टी. विषयक प्रशिक्षित आचार्य अपेक्षित हैं। शुल्क रुपये 750/– प्रति प्रतिभागी है। शुल्क एवं मार्गव्यय आपके विद्यालय से देय होगी। प्रथम दिवस दोपहर भोजन पूर्व आगमन एवं अंतिम दिवस भोजनोपरांत अवकाश हो सकेगा।

13. **विभाग स्तरीय प्रधानाचार्य बैठक :** दिनांक 06 एवं 07 मई–2023 को निर्धारित है। किन्तु अपरिहार्य कारणवश दरभंगा एवं सीतामढ़ी विभाग की यह बैठक दिनांक 01–02 एवं 02–03 मई, 2023 को आयोजित होगी। यह बैठक पूर्व निर्धारित स्थान पर ही संपन्न होगा।

14. **+2 स्तरीय रसायन विज्ञान विषयक कार्यशाला :** क्षेत्र स्तरीय +2 विद्यालयों हेतु रसायन विज्ञान विषयक तीन दिवसीय कार्यशाला दिनांक 08 से 09 मई, 2023 तक सरस्वती विद्या मंदिर, धनबाद में आयोजित होगी। इस कार्यशाला में +2 स्तरीय रसायन विज्ञान विषयक प्रशिक्षित आचार्य अपेक्षित हैं। शुल्क रुपये 750/– प्रति प्रतिभागी है। शुल्क एवं मार्गव्यय आपके विद्यालय से देय होगी। प्रथम दिवस दोपहर भोजन पूर्व आगमन एवं अंतिम दिवस भोजनोपरांत अवकाश हो सकेगा।

15. **प्रांतीय कबड्डी एवं खो–खो प्रतियोगिता :** बाल एवं किशोर वर्ग की यह प्रतियोगिता दिनांक 12 से 14 मई, 2023 को होने वाली थी। परंतु अपरिहार्य कारणवश संशोधित तिथि के अनुसार अब यह प्रतियोगिता दिनांक 22 से 24, जून, 2023 को पूर्व निर्धारित स्थान पर होगी। शुल्क रुपये 750+100=800/– प्रति प्रतिभागी है। प्रथम दिवस दोपहर भोजन पूर्व आगमन एवं अंतिम दिवस भोजनोपरांत अवकाश हो सकेगा।

## अन्यान्य

1. **अर्थ संकल्प :** प्रत्येक विद्यालय का अर्थ संकल्प (बजट) 31 मार्च–2023 तक बनाना अनिवार्य है। यह बजट समिति के द्वारा पारित हो। बजट के अनुसार ही व्यय हो, यह अनिवार्य है। बजट की समीक्षा

प्रत्येक तीन माह पर होना चाहिए। बजट का प्रारूप इस पत्रक के साथ संल्गन है, कृपया इसी प्रारूप के अनुसार बजट का निर्माण करें।

2. **अंकेक्षण :** सभी विद्यालयों का अंकेक्षण दिनांक 10 अप्रैल, 2023 तक हो जाये। अंकेक्षण रिपोर्ट की समीक्षा समिति द्वारा अनिवार्य रूप से हो। समयानुसार अंकेक्षण के लिए सभी आवश्यक कागजात अंकेक्षक के पास भेजा जाए ताकि उचित समय पर अंकेक्षण रिपोर्ट प्राप्त हो जाए।
3. **मासिक तलपट :** विद्यालय की आर्थिक पारदर्शिता आवश्यक ही नहीं अनिवार्य भी है। इस निमित्त प्रत्येक माह का मासिक तलपट बने तथा एक प्रति प्रांत को प्रेषित किया जाए। प्रांत द्वारा छपी प्रति के 1, 2, 3 को भरें। इसका प्रारूप संलग्न है।
4. **उपादान (ग्रेच्यूटी) :** पूर्व में सूचना दी गई है कि उपदान का अंशदान राशि 7% से बढ़ाकर 10% किया गया है, जो जनवरी, 2023 से प्रभावी होगा। सभी विद्यालयों से आग्रह है कि अपने कार्यकर्ताओं के उपदान की राशि मूल एवं महँगाई के योग का 10% प्रदेश कार्यालय को प्रतिमाह भेजें। साथ ही आचार्य कल्याण कोष की सदस्यता राशि भी 01 अप्रैल से 30 अप्रैल, 2023 तक प्रांत को प्रेषित करें।
5. **साप्ताहिक मूल्यांकन :** विद्यालय स्तर पर कक्षाशः विषयशः 'साप्ताहिक मूल्यांकन परीक्षा' अनिवार्य रूप से आयोजित करें, ताकि आचार्य/प्रधानाचार्य का भी मूल्यांकन किया जा सके।
6. **पूर्व छात्र पंजीयन :** पूर्व छात्र हमारी संपत्ति है। इनका संरक्षण आवश्यक है। इस हेतु पूर्व छात्रों का पंजीयन नियमित रूप से पोर्टल पर होता रहे और इनकी संख्या बढ़ती रहे, ऐसी अपेक्षा है। साथ ही पूर्व छात्र पंजी में इनकी जानकारी अंकित करते रहें। vidyabhartialumini.org/alumini/registar
7. **विद्या भारती संघ परिचय :** विद्यालय स्तर पर वर्ष में 'विद्याभारती संघ परिचय' से संबंधित कार्यक्रम वर्ष में दो बार आयोजित कर परिचय का कार्यक्रम अनिवार्य रूप से होता रहे, ऐसी अपेक्षा है।
8. **पाठ्यक्रम :** सत्र 2023–24 में विषयशः कक्षा अरुण, उदय, प्रभात तथा प्रथम से अष्टम तक के पाठ्यक्रम का निर्माण प्रदेश कार्यालय द्वारा हो रहा है। भैया–बहन हेतु नये सत्र के पाठ्यक्रम का आदेश एवं शुल्क दिनांक 25 मार्च, 2023 तक संकुल केन्द्र को अनिवार्य रूप से प्रेषित करें ताकि पाठ्यक्रमानुसार शिक्षण व्यवस्था ससमय सुचारू रूप से चले।
9. **ई–पत्रिका : लोक संवाद–** ई–पत्रिका का शीघ्र ही शुभारम्भ हो रहा है। अपने कार्यक्रम के आयोजनों का सभी फोटो अपलोड नहीं करके, मंच का एक फोटो और मंच के सामने से लेकर (सभा का जिसमें सभी आ जाएँ) सिर्फ दो फोटो ही अपने विभाग प्रमुख तथा कृष्ण चन्द्र गाँधी मिडिया केन्द्र पर अपलोड करें। अपलोड मैटर के ठीक नीचे कैप्सन (Caption) में ही कार्यक्रम का पूर्ण विवरण टाइप करें। ताकि डाउनलोड में फोटो के साथ कार्यक्रम का विवरण भी डाउनलोड हो जाएगा।
10. **PAN–** पूर्व में भी सूचना दी जा चुकी है कि विद्यालय के पास विद्यालय नाम से PAN (Permanent Account Number) है तो वे 31 मार्च–2023 के बाद अनिवार्य रूप से आयकर विभाग को वापस करवा दें। ध्यान रहे कि वापसी की पावती भविष्य के लिए आपके पास सुरक्षित रहना चाहिए।

**यह पत्रक ई–मेल के माध्यम से भेजा जा रही है। प्रधानाचार्य जी इस पत्रक को कृपया अपने सचिव महोदय के अवलोकनार्थ व समिति बैठक में सूचनार्थ संप्रेषित करेंगे तथा अपने आचार्य बंधु–भगिनी को भी अवलोकन कराकर इसके क्रियान्वयन की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।**

**इसी विश्वास व मंगलकामनाओं के साथ–**

**(मुकेश नंदन)**
**प्रदेश सचिव**

# सरस्वती शिशु / विद्या मंदिर

..........................................................................................

प्रपत्र क्र०-1

माह..............................

दिनांक...............................

## मासिक आय-व्यय फलक

खण्ड 'क' ( शिशु शुल्क विवरण )

| कक्षा एवं खण्ड | शिशु संख्या | | | इस माह की प्राप्त राशि | बकाया प्राप्त राशि | योग | शुल्क बकाया शिशु संख्या | राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल | निःशुल्क अर्द्ध शुल्क | इस माह प्राप्त शुल्क | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| **योग** | | | | | | | | |

**नाम के अनुसार बकाया विवरण अलग से संलग्न किया जाना चाहिए ।**

खण्ड 'ख' (बैंक विवरण)

| | | | |
|---|---|---|---|
| खाता का क्रमांक | | | |
| गत माह की जमा राशि | | | |
| इस माह जमा की गई राशि | | | |
| योग | | | |
| इस माह की निकासी | | | |
| शेष | | | |

मासांत तिथि को नगद शेष .................

# सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर

..............................................................................

खण्ड 'ग'

## मासिक आय-व्यय फलक

प्रपत्र क्र0-2

| खाता का नाम | आय | | | व्यय | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | गत माह का | इस माह का | योग | गत माह का | इस माह का | योग |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| योग | | | | | | |

ह. सचिव ह. प्रधानाचार्य ह. कार्यालय प्रमुख

# सरस्वती शिशु / विद्या मंदिर

.............................................................................................

खण्ड 'घ' **अग्रिम विवरण** प्रपत्र क्र०-3

| नाम | आय | | | व्यय | | | आय या व्यय | शेष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | गत माह का | इस माह का | योग | गत माह का | इस माह का | योग | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| योग | | | | | | | | |

## सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर, ..............................................

### अर्थ संकल्प- सत्र 2023-24

| आय | | | | | | व्यय | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र० | मद का नाम | प्रस्तावित | वास्तविक | प्रस्तावित | | क्र० | मद का नाम | प्रस्तावित | वास्तविक | प्रस्तावित |
| | | 2022-23 | 2022-23 | 2023-24 | | | | 2022-23 | 2022-23 | 2023-24 |
| 1 | | | | 1 | | | | | | |
| 2 | | | | 2 | | | | | | |
| 3 | | | | 3 | | | | | | |
| 4 | | | | 4 | | | | | | |
| 5 | | | | 5 | | | | | | |
| 6 | | | | 6 | | | | | | |
| 7 | | | | 7 | | | | | | |
| 8 | | | | 8 | | | | | | |
| 9 | | | | 9 | | | | | | |
| 10 | | | | 10 | | | | | | |
| 11 | | | | 11 | | | | | | |
| 12 | | | | 12 | | | | | | |
| 13 | | | | 13 | | | | | | |
| 14 | | | | 14 | | | | | | |
| 15 | | | | 15 | | | | | | |
| 16 | | | | 16 | | | | | | |
| 17 | | | | 17 | | | | | | |
| 18 | | | | 18 | | | | | | |
| 19 | | | | 19 | | | | | | |
| 20 | | | | 20 | | | | | | |
| कुल आय | | | | | | कुल व्यय | | | | |

अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष प्रधानाचार्य